के उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान करती है ।

(ग) मांसभक्षियों में पशुरोगों के संचरण की कोई घटना कृषि मंत्रालय के ध्यान में नहीं लाई गई है ।

(घ) से (च) : कृषि मंत्रालय भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों को खासकर उन वधशालाओं में, जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है, क्रियान्वित करने पर ध्यान दे रही है ।

भूख से हुई मौतें

1801. **श्री राम नरेश यादव : क्या कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पिछले चार महीनों के दौरान देश के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों/शहरों में भूख से हुई अनेक मौतों के बारे में कोई जानकारी है; यदि हां, तो उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार ने भूखमरी को रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं; और

(ग) भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए क्या निदेश जारी किए जाने की सम्भावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) : राज्य सरकारों ने पिछले चार महीनों के दौरान भूख से मृत्यु होने की किसी घटना की सूचना नहीं दी है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

नये उन्नत और विकसित बीजों का उत्पादन

1802. **श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नये उन्नत और विकसित किस्म के बीजों का उत्पादन बढ़ाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने का कार्य राष्ट्रीय बीज निगम जैसे और कौन-कौन से निगम करते हैं ;

(ख) इन निगमों द्वारा छठे दशक के अन्तिम वर्षों में प्रत्येक फसल-वर्ष के दौरान सब्जियों के बीजों का कितना उत्पादन किया गया तथा 1990–91 और 1991–92 के फसल वर्ष में इनका कितना-कितना-उत्पादन था;

(ग) उक्त निगमों के सब्जियों के बीजों के उत्पादन में लगातार कमी आने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का ध्यान ऊपर भाग (ग) में उल्लिखित खतरनाक स्थिति की ओर दिलाया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) नई उन्नत तथा विकसित किस्मों सहित बीजों का उत्पादन करने वाले विभिन्न बीज निगमों के नाम विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) पचास के दशक के उत्तरार्द्ध में कोई भी बीज निगम अस्तित्व में नहीं था । राष्ट्रीय बीज निगम की स्थापना 1963 में की गई थी और इसके बाद राज्य बीज निगमों की स्थापना विभिन्न चरणों में की गई । 1990–91 तथा 1991–92 के लिए वनस्पति बीज उत्पादन नीचे दिया गया है :

वर्ष	मात्रा (लाख क्विंटल)
1990–91	0.10*
1991–92	0.17

*आन्ध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के आंकड़े सम्मिलित नहीं हैं ।